एनिमल कॉस्ट्यूम में सुनाई शेर और चूहे की कहानी

टीएसवीएस में हुआ ड्रामा प्रेजेंटेशन का आयोजन

कार्यक्रम में बच्चों ने बखूबी ढंग से अपनी वक्तृत्व कला का प्रदर्शन किया।

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

द संस्कार वैली स्कूल में प्रांगण के ग्रेड-2 के स्टूडेंट्स ने ड्रामा प्रेजेंटेशन दिया। स्टूडेंट्स ने पंचतंत्र की कहानी शेर और चूहा का मंचन किया। टीचर इंचार्ज अर्चना कुमार ने स्टूडेंट्स को बताया कि कभी भी किसी को उसकी अपीरियंस से जज नहीं करना चाहिए क्योंकि हर किसी का अपना टैलेंट और स्किल्स होती है, जिसकी वजह से कभी किसी को कम नहीं आंकना चाहिए। बच्चों ने एनिमल्स के कॉस्ट्यूम पहनकर बहुत सुंदर प्रस्तुति दी।